# जल संरचनायें बनाकर सहेजा जल



समाजसेवियों, प्रस्फुटन समिति सदस्यों एवं सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों के सहयोग से सिंगरौली जिले के समस्त विकासखंडों में जल संरक्षण हेतु बोरी बंधान व नाला बंधान के कार्य किये गये। जिसके फलस्वरूप अनेकों स्थानों पर पानी की समस्या हल हुई। इन जल संरचनाओं में स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी रही।

**विकासखंड बैढ़नः—** म.प्र.जन अभियान परिषद् जिला सिंगरौली, विकासखंड बैढ़न में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं मुख्यमंत्री सामुदायकि नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम के विद्यार्थियों तथा परामर्शदाताओं के माध्यम से पानी को संरक्षित करने तथा जल स्तर को बढ़ाने हेतु माह अक्टूबर 2017 से समस्त विकासखंड में अभिनव प्रयास किया गया। इस प्रयास के परिणामस्वरूप विकासखंड बैढ़न के 15 नाले एवं 4 नदियों में समाज के सहयोग से बोरी बंधान के कार्यक्रम संपन्न किये गये।

सभी स्थानों पर समाजसेवी, विद्यार्थी एवं प्रस्फुटन समिति सदस्यों द्वारा बैठकों का आयोजन स्थान का चिन्हांकन तथा आवश्यक सामाग्री समाज के सहयोग से प्राप्त की गई।

**विकासखंड चितरंगीः—** विकासखंड चितरंगी के 10 नाले एवं 3 नदियों मे समाज के सहयोग से बोरी बंधान के कार्यक्रम संपन्न किये गये।

**विकासखंड देवसरः—**विकासखंड देवसर के 12 नाले एवं 6 नदियों मे समाज के सहयोग से बोरी बंधान के कार्यक्रम संपन्न किये गये।